Ministry of Interior
Republic of Cyprus

शोषण तथा **मानव तस्करी** के पीड़ितों के लिए जानकारी

मानव तस्करी
के विरुद्ध
बहुविषयक
समन्वय समूह

मानव तस्करी क्या होती है?

मानव तस्करी **किसी व्यक्ति का शोषण करने के उद्देश्य से** व्यक्तियों या व्यापारियों और तस्करों के संगठित नेटवर्क द्वारा किया गया **अपराध** है।

तस्करी एक व्यक्ति की **भर्ती** से शुरू होती है जिसमें उसका परिवहन, स्थानांतरण, प्राप्ति और आश्रय या आवास शामिल हो सकता है, **जिसे धमकी**, **हिंसा**, **जबरदस्ती**, **अपहरण**, **द्वेष**, **धोखाधड़ी**, **या धोखे के माध्यम से**, उसके शोषण के उद्देश्य से किया सकता है।

संकेतों को पहचानना

क्या आप इनमें से किसी भी सवाल से परिचित हैं?

- क्या आपसे किसी विशेष प्रकार के काम का वादा किया गया लेकिन उसके बिलकुल विपरीत काम करने के लिए मजबूर किया गया?
- क्या आपके द्वारा अपने व्यक्तिगत दस्तावेज़ (जैसे कि आईडी कार्ड, पासपोर्ट) जमा करना अनिवार्य था?
- क्या आपको आपके काम के लिए सहमती दिए गए वेतन का भुगतान किया जा रहा है?
- क्या आपके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है या मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है?
- क्या आपको स्वतंत्र रूप से घूमने से रोका जा रहा है?
- क्या आपके ऊपर भीख माँगने, चोरी करने या वेश्यावृत्ति करने आदि के लिए दबाव डाला जा रहा है?
- क्या आपको या आपके परिवार को धमकी दी जा रही है?

यदि आपको संदेह है कि ऊपर दिए गए मुद्दों में से कोई भी लागू होता है, तो बिना किसी शुल्क के, अभी कॉल करें

1497

समाज कल्याण सेवाओं को यहाँ

VOHTSupport@sws.dmsw.gov.cy

एक ईमेल भेजें।

ट्रैकिंग - रेफरल - पहचान के लिए प्रक्रिया

यदि आपको लगता है कि आप पीड़ित हुए हैं तो **समाज कल्याण सेवाएँ** आपको **तत्काल सहायता प्रदान करने और आपके अधिकारों** के बारे में सूचित करने वाली पहली सेवा है। हमेशा याद रखें कि सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिस अधिकारी, जो आपका इंटरव्यू लेंगे, वह दोनों ही आपके पक्ष में हैं। वे आपकी सहायता और समर्थन करेंगे।

पुलिस, विशेष रूप से मानव तस्करी से निपटने का ऑफिस, मानव तस्करी और शोषण की रोकथाम और निपटने और पीड़ितों की सुरक्षा पर कानून के अनुसार, मानव तस्करी के पीड़ितों की पहचान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी हैं।

पुलिस की मुख्य चिंता **आपको बचाना, आपकी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करना, आपके अधिकारों की रक्षा करना और आपको इन अधिकारों तक पुँहच प्रदान करना है।**

सोचने का समय (रिफ्लेक्शन पीरियड)

पुलिस तुरंत यह सुनिश्चित करेगी कि आपको "सोचने का समय" दिया जाए, अर्थात् यह तय करने का **समय** कि क्या आप **अपराधियों के खिलाफ मुकदमा** चलाने के लिए अभियोजन अधिकारियों के साथ **सहयोग करना चाहते हैं**।

जब आप अभियोजन **प्राधिकारियों** के साथ सहयोग करने का निर्णय लेते हैं, **तो आपको अपने सभी अधिकारों का आनंद लेते हुए आपराधिक कार्यवाही की पूरी अवधि के लिए साइप्रस में रहने का अधिकार होगा**।

आंकलन पूरा करने के बाद, पुलिस आपको सूचित करेगी यदि आपको मानव तस्करी के शिकार के रूप में पहचाना गया है या नहीं ।

क्या आप संभावित पीड़ित हैं?

आप इनके हकदार हैं:

- स्टेट और गैर सरकारी संगठनों द्वारा समर्थन, जैसे कि:
  - सलाहकार मार्गदर्शन
  - यदि आपके पास कोई संसाधन नहीं है तो वित्तीय सहायता
  - मुफ़्त आपातकालीन चिकित्सा और फार्मास्युटिकल देखभाल
  - मुफ़्त आपातकालीन मनोवैज्ञानिक समर्थन
  - व्याख्या और अनुवाद
  - सोचने का समय
  - कानूनी या अन्य सलाह का मुफ़्त प्रावधान
- ज़रूरत के अनुसार पुलिस सुरक्षा
- निर्वासन से सुरक्षा
- स्टेट शेल्टर पर आवास, यदि ज़रूरी समझा जाए
- शिक्षा तक पहुँच (नाबालिगों के लिए)
- अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवेदन करने का अधिकार

...क्या आप एक पहचाने गए पीड़ित हैं?

आप इनके भी हकदार हैं:

- एक निवास परमिट ताकि आप आपराधिक कार्यवाही में भाग ले सकें
- जहाँ ज़रूरी हो, गवाह सुरक्षा योजना में शामिल किए जाना
- मुफ़्त चिकित्सा देखभाल
- मुफ़्त मनोवैज्ञानिक सहायता
- रोज़गार सलाहकार सेवाएँ
- व्यावसायिक प्रशिक्षण, जहाँ लागू हो
- लेबर मार्किट तक मुफ़्त पहुँच
- क्षतिपूर्ति का दावा करने के लिए एक वकील द्वारा मुफ़्त प्रतिनिधित्व

यदि आप लगता है कि आप पीड़ित हैं या यदि आपको संदेह है कि कोई व्यक्ति शोषण या मानव तस्करी का शिकार है तो मुफ़्त में अभी कॉल करें

1497

समाज कल्याण सेवाओं को यहाँ

VOHTSupport@sws.dmsw.gov.cy

एक ईमेल भेजें।

P.I.O.116/2024-1.000-Hindi
Published by the Press and Information Office
Printed by the Government Printing Office